हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–145 : जौनपुर, बुधवार 27 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक सहित चार निलंबित : तबादले में शुचिता का नहीं किया पालन

लखनऊ ब्यूरो : स्वास्थ्य विभाग में तबादले में हुई गड़बड़ी मामले में एक संयुक्त निदेशक, दो अपर निदेशक एवं एक प्रशासनिक अधिकारी को सोमवार को निलंबित कर दिया गया है। सभी पर निजी अनुरोध पर होने वाले तबादले में नीति और शुचिता का पालन नहीं करने का आरोप है। यह कार्रवाई फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन सहित विभिन्न संवर्ग के मामले में की गई है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रविंद्र ने जारी आदेश के अनुसार संयुक्त निदेशक (पैरामेडिकल) डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, अपर निदेशक (पैरामेडिकल) डॉ. राकेश कुमार गुप्ता, अपर निदेशक (स्वास्थ्य एवं प्रशासन) डॉ. अशोक कुमार पांडेय को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में ये सभी महानिदेशालय से संबद्ध रहेंगे। इसी तरह प्रशासनिक अधिकारी मो. इस्माइल को भी अनियमितता के आरोप में निलंबित किया गया है। गौरतलब है कि तबादले को लेकर आरोप को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव डीएस मिश्रा की अध्यक्षता में

कमेटी बनाई है। इसमें अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी एवं अपर मुख्य सचिव चीनी व गन्ना विकास संजय आर भूसरेड्डी भी हैं। कमेटी अलग–अलग मामले की पड़ताल कर रही है। इसी के आधार पर कार्रवाई की गई है।

इंटरनेशनल रिसर्च अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजे गए नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दीपक मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान के गणित विभाग में नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० दीपक कुमार मौर्य को उनके गए शोध कार्यों का 'व्यावसायिक उन्नति सतत शिक्षा केंद्र' के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर अवलोकन करने के परिणामस्वरूप "इंटरनेशनल रिसर्च अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड" प्रदान किया गया। डॉ. मौर्य को यह अवार्ड श्विश्व युवा कौशल दिवसश के उपलक्ष्य में भविष्य के लिए युवा कौशल को बदलना विषयक पर आयोजित हुई अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रदान किया गया। पूरब के ऑक्सफोर्ड के नाम से जाने वाले विश्वविख्यात 'इलाहाबाद विश्वविद्यालय' में कार्यरत गणित के प्रोफेसर डॉ. सत्य देव के मार्गदर्शन में दीपक ने डॉ. की उपाधि अर्जित की थी। बता दें कि डॉ० दीपक मौर्य को पूर्व में इंटरनेशनल मल्टीडिससीप्लीनरी रिसर्च फाउंडेशन द्वारा नेशनल अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके बाद दीपक ने अमेरिकी वैज्ञानिक प्रो. आश्विन वैद्य एवं प्रो. दिगंत भूषण दास, रूस के वैज्ञानिको प्रो. अनातोली फिलिप्पॉव और प्रो. दारिया खानुकावा के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर द्रव

यांत्रिकी में कई शोध पत्रों को प्रकाशित किया है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की यशस्वी कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने बधाई दी। इस मौके पर छात्र अधिष्ठाता कल्याण प्रो. अजय द्विवेदी, रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ.श्याम कन्हैया, गणित विभाग से डॉ. आशीष वर्मा एवं सौरभ कुमार सिंह, फार्मेसी संस्थान के डॉ. विजय बहादुर मौर्य आदि शिक्षकों ने बधाई दी है।

जिलाधिकारी के आदेश को ताक पर रखकर मनरेगा अधिकारी व प्रधान कर रहे मनमानी

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : जौनपुर विकासखंड सोध्ी ब्लाक क्षेत्र के मेहरावा गांव में महेंद्र कुमार बिंद ने प्रधान के ऊपर आरोप लगाया कि वह अपनी मां भाई भाभी परिवार के अन्य लोगों का जॉब कार्ड बनाकर खाते में पैसा भेज कर निकाल रहे है और उन्होंने कहा कि जिन लोगों का नाम जॉब कार्ड में नाम दर्ज है वह लोग रोजगार हैं और कुछ लोग ऐसे हैं जिनके पास फर्नीचर जनरल स्टोर की दुकान भी है उनका जॉब कार्ड बनाया गया और जो चलने फिरने लायक तक भी नहीं हैं उनके नाम भी मनरेगा जॉब कार्ड बना है जिससे जिन लोगों का नाम जाट जॉब कार्ड में है उसने से 10 ही लोग ऐसे हैं जो मनरेगा के तहत काम करते हैं और सबके पास किसी न किसी चीज की दुकान है जो कि उनको भी मनरेगा जॉब कार्ड बनाया गया जिससे उनके खाते में पैसा भेज कर पैसा निकलवा लें रहे है जो लोग बेरोजगार हैं उन्हें जॉब कार्ड नहीं बनाया गया और जो लोग रोजगार हैं उन्हें जॉब कार्ड बनाकर उनके बैंक में पैसा भेज कर निकाला गया कुछ पैसा देकर और सारा पैसा प्रधान पति द्वारा लिया जाता है यह आरोप सुरेंद्र बहादुर व महेंद्र प्रताप ने लगाया उन्होंने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जांच की मांग की जांच का आदेश भी जिलाधिकारी द्वारा किया गया लेकिन अभी

तक कोई सुनवाई नहीं की गई लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई उन्होंने बताया कि प्रधान द्वारा दबंगई करते हुए खुलेआम बोल रहे हैं कि पूर्व प्रधान में बिना काम कराए हुए पैसा निकाला गया जिसमें मुंशी पुत्र बृजलाल के चक में 27 लोगों से मेड़बंदी करा कर 70875 रूपए निकाला गया और मातादीन देवीदीन पुत्र राम बुझारत के चक में 29 दिन काम कराकर 63336 रूपए निकाला गया जिलाधिकारी के आदेश को ताक पर रखते हुए मनरेगा अधिकारी व प्रधान मिलकर अपने मनमानी कर रहे हैं

गाजियाबाद में मंकीपॉक्स के मिले दो संदिग्ध मरीज : एक दिल्ली के एलएनजेपी में भर्ती

नई दिल्ली ब्यूरो : गाजियाबाद में मंकीपॉक्स के दो संदिग्ध मरीज मिले हैं। एक का सैंपल पुणे भेज दिया है, जबकि दूसरा दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में भर्ती है। राजधानी दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में मंगलवार को मंकीपॉक्स के लक्षण वाले एक और संदिग्ध मरीज को भर्ती किया गया है। अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती मरीज में बुखार और त्वचा पर दानों के लक्षण पाए गए हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। दरअसल, गाजियाबाद में मंगलवार को एक अन्य मंकीपॉक्स के एक संदिग्ध मरीज मिलने पर उसका नमूना जांच के लिए पुणे भेजा गया है। 28 वर्षीय युवक अर्थला का रहने वाला है और साहिबाबाद क्षेत्र की निजी कंपनी में कार्य करता है। युवक एमएमजी अस्पताल की ओपीडी में इलाज कराने के लिए आया था। लक्षण मिलने पर ओपीडी में इलाज कर रहे डाक्टर ने मामले की सूचना सीएमओ और सर्विलांस अधिकारी को दी। इसके बाद युवक का नमूना जांच के लिए पुणे भेज दिया। हालांकि फिलहाल युवक अपने घर है। वहीं, ट्रांस हिंडन में रहने वाले एक युवक में मंकीपॉक्स की पुष्टि दिल्ली में हुई है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इसके बारे में जानकारी होने से इंकार किया है। जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि मरीज का सैंपल लेकर जांच को पुणे भेज दिया है। उन्होंने बताया की अर्थला का एक व्यक्ति ओपीडी में पहुंचा। चिकित्सकों ने मरीज के शरीर के दाने देखकर मंकीपॉक्स मानते हुए तुरंत परामर्श लिख दिया। विभाग ने सैंपल लेकर जांच को नेशनल इंस्टीट्यूट आफ वायरोलाजी (एनआइवी) पुणे भेज दिया है। एमएमजी अस्पताल के वरिष्ठ

फिजिशियन डॉ. आरपी सिंह का कहना है कि यह बीमारी मंकीपॉक्स नाम के वायरस से होती है। मंकीपॉक्स, ऑर्थोपॉक्स वायरस परिवार का हिस्सा है। इसमें भी चेचक की तरह शरीर पर दाने हो जाते हैं। दरअसल, चेचक को फैलाने वाला वैरियोला वायरस भी ऑर्थोपॉक्स फैमिली का ही हिस्सा है। मंकीपॉक्स के लक्षण चेचक की तरह गंभीर नहीं, बल्कि हल्के होते हैं। यह बहुत कम मामलों में ही घातक होता है। इसका चेचक से कोई लेना–देना नहीं है। मंकीपॉक्स वायरस लक्षण और सावधानी यह रोग मंकीपॉक्स वायरस के कारण होता है जोकि ओर्थोपॉक्स वायरस जींस का सदस्य है। मंकीपॉक्स होने पर व्यक्ति के शरीर पर 2 से 4 हफ्तों तक लक्षण दिखाई दे सकते हैं। मंकीपॉक्स उन लोगों से फैलता है जो पहले से इससे पीड़ित हो, ऐसे मरीज के संपर्क में रहने वालों में इसके फैलने का खतरा बढ़ जाता है। मंकीपॉक्स बॉडी फ्लूड्स और पीड़ित व्यक्ति के साथ सोने पर फैल सकता है। मंकीपॉक्स होने पर व्यक्ति को बुखार, शरीर पर दाने, सूजन हो सकती है। इससे बचाव के लिए जंगली जानवरों से बचकर रहें। मीट पूरी तरह ना पका हुआ हो तो उसे ना खाएं। पालतू जानवर यदि संक्रमित हो जाए तो उसे 30 दिनों तक क्वारंटीन करके रखें।

अनीतिपूर्वक हुए स्थानान्तरण के विरोध मे हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने दिया धरना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आहवान पर जनपद जौनपुर की शाखा में स्वाथ्य विभाग ने अनीतिपूर्व हुए स्थानान्ताग के विरोध के तृतीय चरण में कार्यबहिष्कार के दूसरे दिन स्वाथ्य विभाग से जुड़ तमाम संगठनों ने 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया ।इस अवसर पर राज्य कर्मचारी के जनपद अध्यक्ष व डिप्लोमा फार्मासिस्ट के अध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती तो 30– जुलाई तक 2 घंटे का कार्य बहिष्कार करता रहेगा । इसके पश्चात भी यदि सरकार शासन सकारात्मक निर्णय नहीं लेता तो केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा जो भी निर्णय किया जायेगा उसमें जनपद जौनपुर पूर्ण से भागीदारी होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से गुलाव यादव संरक्षक कौशल त्रिपाठी अजय कुमार सिंह मनोज कुमार तिवारी उपाध्यक्ष राजेश कुमार , आर वी सिंह , अतहर ,सचिन कुमार सिंह गजेंद्र

सिंह शैलेश विनय सिंह डॉ एस पी सिंह डॉक्टर इंद्रभान सिंह अली अहमद आनंद प्रकाश मौर्य आलोक डॉक्टर प्रेम स्वरूप श्रीवास्तव दिलीप मौर्य राकेश पटेल तरुण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

पारिवारिक मामलों के अधिकतम वादों के निस्तारण हेतु प्री–ट्रायल की द्वितीय बैठक आयोजित

जौनपुर सु.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संरक्षण में 13 अगस्त 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालयों में लम्बित अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम, के संयोजन एवं श्रीमती रीता कौशिक, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में 27 जुलाई 2022 को द्वितीय प्री–ट्रायल बैठक आहूत की गयी। बैठक में श्रीमती रीता कौशिक, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर द्वारा समस्त अपर प्रधान न्यायाधीश को आगामी राष्ट्रीयलोक अदालत में अधिकतम मामलों के निस्तारण हेतु वादों को चिन्हित करने एवं पक्षकारों को समन नोटिस प्रेषित कर लोक अदालत में वादों के निस्तारण के लाभों को बताते हुए पक्षकारों को प्रेरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम द्वारा लोक अदालत के मामलों के निस्तारण से होने वाले लाभ जैसे–निस्तारण हेतु किसी

प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं होना, राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लम्बित मामलों मे न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं होना बताकर लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण करवाकर लोक अदालत को सफल बनाये जाने की अपील की गयी। इस अवसर पर अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम विजय कुमार गुप्ता, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीयकुलदीप कुमार एवं सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम व परिवार न्यायालय के कांउसलर भी उपस्थित रहे।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

बास्केट बाल में राजकुमार एकाडमी बना चैम्पियन तो कबड्डी में सेंट जोसेफ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजाजीपुरम् स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में बास्केट बाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें लखनऊ पब्लिक स्कूल, लामार्टिनियर कालेज, लोरेटो कॉन्वेट, सेंट

जोसेफ, राजकुमार एकाडमी, सिटी मान्टेसरी सहित सत्रह स्कूली टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में अण्डर–14, अण्डर–17 व अण्डर–19 तीनों वर्गों के मुकाबला जीत कर राजकुमार एकाडमी चौम्पियन बनी। पुरस्कार वितरण समारोह में गंगा एक्सप्रेस–वे के जीएम डी0बी0 मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही जखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कालेजेज के संस्थापक एस0पी0 सिंह व मुख्य प्रशासिका कान्ति सिंह उपस्थित थी। उन्होनें विजेताओं प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रदान की।ती गोसाई व उप–प्रधानाचार्य आशीष शर्मा भी उपस्थित थे। कबड्डी में सेंट जोसेफ बना चौम्पियन– दूसरी तरफ क्राइस्ट चर्च कालेज मेंण्डर–14, अण्डर–17 व अण्डर–19 तीनों वर्गों कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें सेंट जोसेफ, एसकेडी एकाडमी, लामार्टिनियर, सिटी माण्टेसरी, क्राइस्ट चर्च कालेज सहित दस स्कूली टीमों ने तीनों आयुवर्गों में प्रतिभाग किया जिसमें अण्डर–17 व अण्डर–19 के फाइनल मुकाबले जीतकर सेंट जोसेफ चौम्पियन बना। जबकि अण्डर–14 में रनर रहा। सेंट जोसेफ समूह की संस्थापक अध्यक्ष पुषलता अर्ग्रवाल ने विजेता खिलाडियों व उनके कोच सुधांशु श्रीवास्तव को जीत की शुभकामनाये दी।

शहर के मुख्य 6 प्रवेश द्वार को भव्य बनाने की तैयारी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड और गोरखपुर नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान से शहर में 6 प्रवेश द्वारों पर भव्य द्वार बनाने का प्रोजेक्ट तैयार कर लिया गया है। गोरखपुर को और खूबसूरत बनाने

के लिए शहर में प्रवेश के सभी छह द्वारों पर गोरखनाथ मंदिर से जुड़े संतों के नाम पर भव्य प्रवेश द्वार बनाए जायेंगे। इन प्रवेश द्वारों की डिजाइन तैयार कर ली गई है। शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी के स्वीकृति के बाद निर्माण शुरू होगा। 1. गोरखपुर–सोनौली मार्ग महंत दिग्विजयनाथ द्वार। 2. गोरखपुर–महराजगंज मार्ग महंत अवेद्यनाथ द्वार। 3. गोरखपुर–कुशीनगर मार्ग बाबा गंभीरनाथ द्वार। 4. गोरखपुर–लखनऊ मार्ग गुरु गोरखनाथ द्वार। 5. गोरखपुर–वाराणसी मार्ग महंत बालकनाथ द्वार। 6. गोरखपुर–देवरिया मार्ग महंत चौरंगीनाथ द्वार।

श्रद्धालुओं से भरी ट्राली को ट्रक ने मारी टक्कर : एक की मौत व 6 घायल

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या जिले की कैंट कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ अयोध्या हाईवे पर सहादतगंज अब्बू सराय के निकट बुधवार की सुबह करीब 3:00 बजे ट्राली में सवार होकर अयोध्या से बाराबंकी जा रहे श्रद्धालुओं को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में ट्राली में सवार करीब 11 लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां से एक को गंभीर होने के कारण लखनऊ रेफर कर दिया गया। जबकि छह लोगों को भर्ती करके इलाज शुरू किया गया। वहीं, मामूली रूप से घायल तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही घायल जगन्नाथ (58) निवासी बनार का पुरवा फतेहपुर जनपद बाराबंकी की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दवा उपचार करवाकर आवश्यक कार्रवाई की।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अच्छा वक्त उसी का होता है जो किसी का बुरा नहीं सोचते

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

करदाताओं का देश : अर्थव्यवस्था और निचले पायदान के लोगों की दुर्दशा

कंगारू कोर्ट के दौर में सांविधानिक अदालतें

आजादी के बाद 75 सालों में न्यायपालिका के विकास को तीन हिस्सों में समझा जा सकता है। शुरुआती दौर में स्वतंत्र न्यायपालिका को आपातकाल में इंदिरा सरकार ने हस्तगत करने का प्रयास किया। उसके बाद गठबंधन सरकारों के दौर में कॉलेजियम की आड़ में जजों की नियुक्ति पर एकाधिकार हासिल कर लिया।

रिटायरमेंट के पहले सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण के कई बयानों ने बर्र के छत्ते को छेड़ दिया है। मुकदमों के बोझ से लदी न्यायपालिका के सामने कमजोर इन्फ्रास्ट्रक्चर, जजों की कमी और जजों की सुरक्षा पर उन्होंने चिंता जाहिर की। परंतु उनकी सबसे बड़ी बेचौनी सोशल मीडिया के माध्यम से चल रही श्कंगारू कोर्टश के बढ़ते प्रचलन पर है, जिससे अधिकांश जज त्रस्त चल रहे हैं। टीवी चौनलों और सोशल मीडिया में उत्तेजक बहसों से क्या न्यायपालिका पर दबाव पड़ता है?

सेलिब्रिटीज और बड़े आपराधिक मामलों में मीडिया ट्रॉयल (डमकपं ज्तंपस) से क्या न्यायिक व्यवस्था प्रभावित होती है? अनेक चर्चित मामलों की सुनवाई और फैसलों से इन सवालों का जवाब हां में दिया जा सकता है। इसके बाद सबसे मौजूं सवाल यह है कि क्या न्यायपालिका से आम जनता की उम्मीदें धुंधली हो गई हैं? इस सवाल के जवाब के लिए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू (Droupadi Murmu) के सबसे अहम बयान पर गौर करना जरूरी है, जिसमें उन्होंने वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सबके प्रयास और सबके कर्तव्य का आवाहन किया है।

आजादी के 75वें साल में देश के गणतंत्र और सांविधानिक व्यवस्था का लेखा–जोखा करना जरूरी है। इससे दो बातें साफ होती हैं। पहला–रिपोर्ट कार्ड में फेल विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री समेत किसी भी नेता को जनता पांच साल बाद खारिज कर सकती है। अफसरों के खिलाफ मुकदमा और बर्खास्तगी भी आम बात हो गई है। लेकिन न्यायपालिका अब भी औपनिवेशिक आग्रहों से घिरी है। इसकी वजह से संविधान की प्रस्तावना में जनता के कल्याण का सपना अधूरा है।

आजादी के बाद 75 सालों में न्यायपालिका के विकास को तीन हिस्सों में समझा जा सकता है। शुरुआती दौर में स्वतंत्र न्यायपालिका को आपातकाल के दौरान इंदिरा सरकार ने हस्तगत करने का प्रयास किया। उसके बाद गठबंधन की सरकारों के दौर में न्यायपालिका ने कॉलेजियमप्रणाली की आड़ में जजों की नियुक्ति पर एकाधिकार हासिल कर लिया। तीसरा चरण 2015 से शुरू होता है, जब सुप्रीम कोर्ट ने एनजेएसी (राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग) कानून को रद्द कर दिया।

फैसले में शामिल एक जज ने नियुक्ति व्यवस्था को सड़ांधपूर्ण बताते हुए, पेरस्त्रोइका और ग्लासनोस्त की तर्ज पर न्यायिक व्यवस्था में पुनर्निर्माण का आवाहन किया। कुछ सालों के बाद चार जजों की प्रेस कॉन्फ्रेंस और चीफ जस्टिस के खिलाफ महाभियोग के प्रस्ताव से यह साफ हो गया कि न्यायपालिका भयानक बवंडर के दौर से गुजर रही है। लॉकडाउन के बाद मुकदमों की ऑनलाइन सुनवाई के समानांतर सोशल मीडिया और टीवी में कंगारू कोर्टों में श्बुलडोजर न्यायश की बहस से भी जजों पर भारी दबाव बन रहा है, जिसकी अभिव्यक्ति प्रधान न्यायाधीश के माध्यम से हुई है।

सोशल मीडिया के फर्जी एकाउंट्स और आईटी सेलों के माध्यम से अदालती फैसलों के साथ चुनाव, सरकारी नीतियां, संसद के कानून, मीडिया का एजेंडा आदि भी निर्धारित होने लगा है। अभिव्यक्ति को सुरक्षित रखते हुए सोशल मीडिया के फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने का माकूल सिस्टम बने, तो लोकतंत्र के साथ देश का भी भविष्य निर्धारित होगा। सोशल मीडिया जनता की सामूहिक अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है, जिसमें न्यायिक व्यवस्था के सामने कई बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

पहला, जजों की नियुक्ति व्यवस्था को पारदर्शी और जनतांत्रिक बनाने के लिए ठोस सुधार। दूसरा, अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन पर अमल। तीसरा, उच्च न्यायालयों में स्थानीय भाषा का इस्तेमाल। चौथा, अदालतों की कार्यवाही के सीधे प्रसारण के लिए कानूनी व्यवस्था। पांचवां, जेलों में बंद कैदियों और विचाराधीन बंदियों की जल्द रिहाई। छठा, जिला अदालतों में जजों के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती। सातवां, भ्रष्ट जजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई।

ऐसे अनेक बड़े मुद्दे न्यायिक व्यवस्था के अंतर्गत आते हैं, जिन्हें सरकारी सहयोग या हस्तक्षेप के बगैर ही सुलझाया जा सकता है। देश की जेलों में बंद लाखों बेगुनाह लोगों की बदकिस्मती के लिए पुलिस और सरकार से ज्यादा जजों की जिम्मेदारी है। बड़े राजनेता, धनपति और चर्चित मामलों में वरिष्ठ वकील बहस करते हैं और उनमें झटपट न्याय भी मिल जाता है। लेकिन करोड़ों मुकदमों के बोझ से दबी आम जनता के हिस्से में सिर्फ तारीखें आती हैं।

बड़े लोगों के लिए व्हाट्सअप की तर्ज पर तुरंत डिलीवरी और कमजोर लोगों के लिए बैरंग लिफाफे वाली थकाऊ न्यायिक व्यवस्था असांविधानिक होने के साथ अस्वीकार्य भी है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने खुद ही स्वीकार किया है कि भारत की न्यायिक व्यवस्था में प्रक्रिया ही दंड बन गई है। सोशल मीडिया के फर्जी खातों, पेड न्यूज और एजेंडा प्रेरित सतही अभियानों से लोकतंत्र को बचाने के लिए न्यायपालिका को भी ठोस पहल करनी चाहिए।

सोशल मीडिया के कोलाहल में आम जनता के दर्द को सुनने और समझने के लिए जजों को संवेदनशील होना पड़ेगा। जजों को अपने फैसलों की तरफदारी नहीं करनी पड़ती, क्योंकि उनके फैसले खुद–ब–खुद बोलते हैं। कुछ दशक पहले जजों के फैसले कई पीढ़ियों तक नजीर बना करते थे, लेकिन अब गंभीरता और स्थिरता की कमी होने से वर्तमान जज ही फैसलों का सम्मान नहीं करते। राष्ट्रपति, संसद, प्रधानमंत्री, कानूनमंत्री और पुराने सभी प्रधान न्यायाधीशों ने न्यायिक व्यवस्था में आमूल–चूल सुधार की जरूरत बताई है।

अपना घर ठीक करने के बजाय अदालतें सरकारी व्यवस्था को ठीक करने का बीड़ा उठाए हुए हैं, जो संविधान के अनुसार ठीक नहीं है। कर्नाटक हाई कोर्ट के जजों ने हालिया फैसले में कहा है कि न्यायिक पुनरावलोकन के नाम पर जजों को सरकार चलाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। भारत में न्यायपालिका और जजों के प्रति अब भी लोगों का सबसे ज्यादा भरोसा है। इसे कायम रखने के लिए सोशल मीडिया और टीवी बहस पर दोषारोपण करने के बजाय मजबूती से संस्थागत न्यायिक सुधार करने की जरूरत है, जिससे लोगों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ आम जनता को जल्द न्याय मिल सके।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

राष्ट्रीय युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष सीतापुर बने आशीष अवस्थी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिंदू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने आशीष अवस्थी को जिला अध्यक्ष सीतापुर की जिम्मेदारी सौंपी। हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने कहा कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है आप सीतापुर जिले में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी पूरे सीतापुर में आपके मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सुरेश चंद्र अवस्थी जी एवं श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज संरक्षक मार्गदर्शक राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिंदू हृदय सम्राट यति नरसिंहानंद सरस्वती जी महाराज राष्ट्रीय महासचिव ऋचा वशिष्ठ राष्ट्रीय अनुशासन प्रभारी श्यामानंद जी राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ हिंदू पंडित हृदेश शर्मा प्रदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुशासन समिति स्वामी नित्यानंद जी महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ 1008 श्री श्री सोभा नंद गिरि जी महाराज राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री श्री अंतर्राष्ट्रीय संत राजेश्वर गिरी जी महाराज राष्ट्रीय युवा वाहिनी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बृजेश शुक्ला राष्ट्रीय

संयोजक गौ प्रकोष्ठ संरक्षक उत्तर प्रदेश सौरभ महाराज जी संरक्षक हुंकार दास जी महाराज प्रमुख धर्माचार्य बालक दास जी महाराज पातालपुरी पीठाधीश्वर अनूप कुमार पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश ने बधाई दी है।

कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मानवाधिकार जनसेवा परिषद, करणी सेना तथा विश्व सनातन हिन्दू संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कैप्टन मनोज पाण्डेय चौराहा, गोमतीनगर पर शहीदों को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा मोमबत्ती जलाकर उनका स्मरण किया। कृष्णानंद राय ने देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, आशा सिंह, हेमा गुप्ता, कार्तिका माथुर, अमिता अग्रवाल, जी. के. दीक्षित, नितेश सिंह, अभिषेक अवस्थी, विशाल शर्मा, पर्यावरण संरक्षण को समर्पित कृष्णानंद राय

सहित अन्य कई गणमान्य नागरिकों ने कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

तुलसी जयन्ती चार अगस्त को : जन्मस्थान तुलसीधाम राजापुर में एक भव्य समारोह का किया जाएगाआयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सनातन धर्म परिषद् एवं श्री तुलसी जन्मभूमि न्यास द्वारा श्रीरामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के जन्मस्थान तुलसीधाम राजापुर सूकरखेत गोण्डा में एक भव्य एवं विशाल मन्दिर के निर्माण का संकल्प लिया गया है। इसके लिए मानचित्र भी तैयार हो गया है। मन्दिर परिसर में तुलसी संग्रहालय, अन्तरराष्ट्रीय तुलसी शोध संस्थान के लिए भी व्यवस्था होगी। पुराने मन्दिर को भव्य रूप प्रदान किया जायेगा। इसमें भगवान श्रीराम, भगवती सीता और भ्राता लक्ष्मण की दिव्य मूर्ति भी प्रतिष्ठापित होगी। इसके साथ नही गोस्वामी तुलसीदास की भव्य मूर्ति भी लगायी जायेंगी। जैसा कि आप जानते हैं कि गोस्वामी तुलसीदास का जन्म श्रावण शुक्ला सप्तमी को गोण्डा जिले के सूकरखेत तुलसीधाम राजापुर में हुआ था। गोस्वामी तुलसीदास के गुरु नरहरिदास जी का आश्रम भी पसका सूकरखेत लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। बचपन में तुलसी अनाथ होकर अपने गुरु नरहरि आश्रम में शरण ली थी, वहीं उनका पालन–पोषण हुआ। बालपन में गोस्वामी जी ने अपने गुरु नरहरिदास से सूकरखेत में रामकथा भी श्रवण किया था। इस वर्ष तुलसी जयन्ती 04 अगस्त 2022 को पड़ रही है। इस अवसर पर उनके जन्मस्थान तुलसीधाम राजापुर में एक भव्य

समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसमें विद्वानों के भाषण और महात्माओं के प्रवचन भी होंगे। देश के कई प्रमुख विद्वानों और संस्थाओं को निमंत्रित किया जा चुका है। इसमें प्रमुख विश्वविद्यालयों के हिन्दी विशेषज्ञों, उ०प्र० हिन्दी संस्थान, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा तथा तुलसी अकादमी भोपाल को भी आमंत्रित किया है। कई विद्वानों की स्वीकृति भी आ चुकी है। यह खुशी की बात है कि तुलसी जन्मस्थान के महत्व को देखते हुए दिल्ली की भारतीयम् संस्था द्वारा पौधा रोपण के लिए 45 बीघा आत्माराम टेपरा में पौधों की सुरक्षा के लिए बाड़ (बैरीकेटिंग) लगाने के लिए खम्भे भी लग रहें हैं। 10 हजार पौधे आ चुके हैं। तुलसी जयन्ती पर कई स्थानों के मानस मण्डली द्वारा श्रीरामचरितमानस का परंपरागत अखण्ड पाठ भी होगा। डॉ० स्वामी भगवदाचार्य अध्यक्ष ने उक्त विचार उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

जन शिक्षण संस्थान जौनपुर द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पौधा वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न

जौनपुर सु.वि. : जन शिक्षण संस्थान जौनपुर द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पौधा वितरण का कार्यक्रम कृषि भवन के सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी डॉ रमेश चंद्र यादव जी रहे। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में पर्यावरण, कृषि, जैविक खाद, पशु पालन, और जल संचयन आदि सभी कारकों पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवन जीने के लिए कीटनाशक और रासायनिक खादों से दूर रहकर प्राकृतिक व्यवस्था को अपनाते हुए फसल उत्पादन पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। संस्थान की निदेशक डॉ सुधा सिंह ने अपने सम्बोधन में जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने 26 लाभार्थियों को तुलसी का पौधा वितरण किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी विनोद मिश्रा, कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रशिक्षिका साधना श्रीवास्तव एवं विनय गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा ।

35 मिनट तक रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णानगर पर खड़ी रही मालदा टाउन एक्सप्रेस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर जफराबाद – शाहगंज – फैजाबाद होकर मालदा टाउन से नई दिल्ली तक जाने वाली 13483 अप मालदा टाउन एक्सप्रेस का मार्ग बुद्धवार को बदल कर जफराबाद से सुल्तानपुर होकर चलाई गयी! इस बीच रेलवे स्टेशन पखरौली में रेल पर चल रहे मरम्मत के कार्य के कारण मालदा टाउन एक्स्प्रेस रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णानगर पर 1 बज कर 4 मिनट से एक बज कर 39 मिनट तक रुकी रही! यह जानकारी रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णानगर के अधीक्षक मनोज यादव ने दी है! स्टेशन पर 35 मिनट के बाद ट्रेन रवाना हुई!इस दौरान ट्रेन यात्री हलकान हो गये! स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि 13484 डाउन मालदा टाउन एक्स्प्रेस भी इसी मार्ग से चलाई गयी! जब यह दोनों ट्रेन जफराबाद से शाहगंज रेलमार्ग से संचालित होती है!

आधुनिकता के परिपेक्ष्य में भारतीय संस्कृति एवं नैमिषारण एक ऐतिहासिक अध्यन पुस्तक का विमोचन

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : भारत के दिव्य धाम नैमिषारयण के ऊपर लेखिका डॉ० सरला अवस्थी की लिखी पुस्तक आधुनिकता के परिपेक्ष्य में भारतीय संस्कृति एवं नैमिषारण एक ऐतिहासिक अध्ययन के विमोचन का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद द्वारा कराया गया। डॉ० सरला अवस्थी ने बताया पुस्तक में नैमिषारण्य का महातम्य और आधुनिक भारत के लिए उसकी प्रासंगिकता पे प्रकाश डाला गया है। आचार्य शिव तीर्थ महाराज द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नैमिष ग्रंथ की विशेषताओं पर विवेचना करते हुए उन्होंने बताया कि मनु सतरुपा की तपस्थली, माँ सती का हृदय स्थल माता ललिता देवी,निमिष मात्र में ब्रह्मा के द्वारा छोड़े गए मनोमय चक्र द्वारा अरण्य का पता 18 पुराणों के रचनाकार व्यास जी एवं अनेक आध्यात्मिक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। साधना मिश्रा ने अपने सरल काव्य रचना से डॉ सरला अवस्थी की अभिरुचियों की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। ललिता मिश्रा ने लेखिका के प्रेरक एवं अपने पिता की प्रति अपनी काव्य भावांजलि दी। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पुस्तक की

लेखिका डॉ० सरला अवस्थी, ललिता मिश्रा विभागाध्यक्ष हिंदी अबुधाबी, मयंक श्रीवास्तव संस्थापक व अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद व अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद पत्रकार संघ, सोना श्रीवास्तव, मृदुल अवस्थी, शुचिता मिश्रा, कवी घनश्याम मिश्रा, साधना मिश्रा सहित तमाम गणमान्य जन उपस्थित रहे।

अनियमित स्थानांतरण के विरोध में दूसरे दिन भी हुआ 2 घंटे कार्य बहिष्कार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 के आवाहन पर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के समूह ग कर्मियों के नीति विरुद्ध हुए स्थानांतरण को निरस्त करने के लिए आज दूसरे दिन भी स्वास्थ्यकर्मियों ने 2 घंटे का कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सभी संवर्गों के कर्मी शामिल हुए । कार्य बहिष्कार प्रदेश के सभी चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सफल हुआ, साथ ही फील्ड में काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों ने भी प्रातः 2 घंटे कार्य बहिष्कार कर अपना विरोध दर्ज कराया । जगह जगह अलग–अलग चिकित्सालय में कर्मचारी एकत्रित होकर नीति विरुद्ध स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग करते हुए नारेबाजी की और प्रदर्शन किया । लखनऊ जनपद में बलरामपुर चिकित्सालय में सुभाष श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया, वही सिविल चिकित्सालय में प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई । रानी लक्ष्मी बाई चिकित्सालय

में जी एम सिंह के नेतृत्व में कार्यबहिष्कर किया । सी एच सी सरोजनीनगर में सतीश जी के नेतृत्व में जमकर प्रदर्शन हुआ इसी तरह सभी चिकित्सालयों में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । लोहिया चिकित्सालय में डी डी त्रिपाठी सहित विभिन्न चिकित्सालयों में अनेक पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का नेतृत्व किया । परिषद के प्रांतीय महामंत्री अतुल मिश्रा अध्यक्ष सुरेश रावत ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि तत्काल स्थानांतरण निरस्त किए जाए अन्यथा की स्थिति में कार्य बहिष्कार सांकेतिक रूप से दो घंटे के रूप में 30 जुलाई तक अनवरत चलता रहेगा । तदोपरांत बड़े आंदोलन का भी निर्णय लिया जा सकता है ।

'वृहद रोजगार मेला' सेवायोजन परिसर में 28 जुलाई को

जौनपुर सु.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश के क्रम में मिशन रोजगार के अन्तर्गत 28 जुलाई 2022 को प्रातः 10:00 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के द्वारा 'वृहद रोजगार मेला' का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर (निकट नारायण नर्सिंग होम रासमण्डल होटल रिवर ब्यू के सामने) जौनपुर में किया गया है, जिसमें 10 से अधिक कम्पनियों प्रतिभाग करेंगी जिनके द्वारा 300 से अधिक पदों पर भर्ती की जायेंगी। निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियॉ मल्टी ब्राण्ड सल्युशन प्रा0लि0, ब्राइटफ्यूचर आग्रेनिक हर्बल प्रा0लि0, एक्स जेंट एक्वा प्रा0लि0, डिजिटल इण्डिया प्रा0लि0 आदि के द्वारा सिक्योरिटी गार्ड,कम्प्यूटर आपरेटर,एज्यूकेटिव, ब्लाक आफिसर पदों पर अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक उत्तीर्ण को साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर चयन करेंगी।जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी प्रूफ लाना होगा उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार और सरकारी क्षेत्र में आउटसोसिंग के द्वारा नौकरी पाने के लिए सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल– www.sewayojan.up.nic.in पर निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं।

क्षेत्रीय महामंत्री पीके वर्मा ने किया : नवनिर्मित पशु आश्रय स्थल का शुभारंभ

हरदोई(, अम्बरीष कुमार सक्सेना)भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन व् मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे गौ संरक्षण व् संवर्धन के प्रति अत्यंत गंभीर है। इसी उद्देश्य से गांव गांव गौशालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम मे आज क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र भाजपा पीके वर्मा ने ग्राम पंचायत जयराजपुर टड़ियावां मे नवनिर्मित पशु आश्रय स्थल का विधिवत पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया।कार्यक्रम मे गौमाता के महत्व पर चर्चा करते हुए क्षेत्रीय महामंत्री पीके वर्मा ने कहा कि गौमाता की उपयोगिता को शब्दों मे वर्णित करना संभव नहीं है। गौमाता के दूध से लेकर उसके गोबर और गौमूत्र तक अत्यंत लाभदायक व् उपयोगी है। इस गौशाला से एक तरफ जहाँ निराश्रित गौवंशों के लिए आश्रय स्थल उपलब्ध होगा वहीं दूसरी ओर किसानों को आवारा गौवंशों से निजात मिलेगी। इस अवसर पर उपस्थित किसानों एवं क्षेत्रवासियों से अनुरोध करते हुए पीके वर्मा ने कहा कि कोई भी सरकारी योजना जन सहयोग के बिना सफल नही हो सकती है। इसलिए भाजपा सरकार

द्वारा किये जा रहे गौसंरक्षण के प्रयासों में भागीदार बनने के लिए किसान भाई खेती के साथ गौपालन कर अपनी आय बढ़ाएं तथा अपने पशुओं को सड़क पर खुला न छोड़ें।कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य संजीव गुप्ता, ग्राम प्रधान रामनरेश कनौजिया, पशु चिकित्सा अधिकारी टड़ियावां सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

दिव्यांगों की सहायता हेतु उपकरण एवं उपस्कर मापन के लिए शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर ब्लॉक सभागार में समग्र शिक्षा के समेंकित शिक्षा के अंतर्गत एलिम्को के विशेष सहयोग से दिव्यांग बच्चों का उपकरण एवं उपस्कर उपलब्ध कराने जाने हेतु मापन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कई बच्चों ने प्रतिभाग किया। बता दे कि बुधवार को ब्लॉक सभागार के शहीद हाल मे समग्र शिक्षा के समेकित शिक्षा के अंतर्गत एलिम्को कानपुर एस विशेष सहयोग आप दिव्यांग बच्चों को उपकरण एवं उपस्कर उपलब्ध कराये जाने हेतु मापन शिविर का अयोजन किया गया। कैंप में कुल 295 बच्चों का परीक्षण किया गया। जिसमे से कुल 264 दिव्यांग बच्चे उपकरण एव उपस्कर हेतु चिन्हित किये गये। दिव्यांग बच्चों को दिनांक 7 अक्टूबर को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर उपकरण एवं उपस्कर का वितरण किया जाएगा। कैंप मे मौजूद रामानंद कुमार ने बताया की कैंप मे 45 ट्राई साईकिल, 30 व्हील चेयर, 6 बैसाखी, 10 छडी, 6 सी पी चेयर, 75 हीयरिग और 30 कैलीपर वितरित किया जाएगा।उक्त कैंप मे बीडीओ धर्मापुर काशी नाथ सोनकर, एलिम्को कानपुर से रामा नंद कुमार, राजीव कुमार, भानु प्रताप, आर डी सिंह, शशि धर उपाध्याय, सतीश चंद्र मौर्य, ज्योति सिंह, रंगनाथ दुबे, सत्य नारायण प्रसाद व विवेक सिंह मौजूद रहे।

अधिवक्ता कल्याण निधि की धनराशि बढ़ाकर पांच लाख की गई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर तहसील के सभागार में अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य अनुराग पांडेय ने कहा कि प्रदेश के बुजुर्ग अधिवक्ताओं को अब हर महीने 5000 पेंशन दी जाएगी। साथ ही अधिवक्ता कल्याण निधि की धनराशि की सीमा बढ़ाकर पांच लाख कर दी गई है।श्री पांडे ने बताया कि 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्ग अधिवक्ताओं को अब 5000 महीने की पेंशन प्रदान की जाएगी। जनपद के 86 जूनियर अधिवक्ताओं को 5000 रुपए प्रतिमाह 3 साल तक स्टाइपेंट दिया जाएगा। उन्होंने स्थानीय बार के बीमारी से पीड़ित चार अधिवक्ताओं दिनेशचंद्र सिन्हा, विनोद कुमार दुबे,रामजी गुप्ता,और कुंवर भारत सिंह को पंद्रह हजार –पंद्रह हजार रुपए की धनराशि का चेक प्रदान किया। बार काउंसिल सदस्य ने अधिवक्ताओं को बताया की पहले अधिवक्ताओं को अपनी हर जरूरत के लिए बार काउंसिल का चक्कर लगाना पड़ता था लेकिन अब बार काउंसिल के प्रतिनिधि स्वयं चलकर अधिवक्ताओं के द्वार तक पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष भरत लाल यादव एडवोकेट और संचालन महामंत्री कमलेश कुमार एवं अवनींद्र दत्त दुबे ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम में दिनेश चंद सिन्हा, केदारनाथ यादव, अशोक श्रीवास्तव, प्रेम बिहारी यादव, कुंवर भारत सिंह राजेंद्र प्रसाद सिंह संदीप गुप्ता विनोद दूबे आदि उपस्थित रहे।

मुफ्तीगंज बाजार में पलटा ऑटो रिक्शा : क्षेत्राधिकारी नें रुककर किया मदद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुफ्तीगंज जौनपुर स्थानीय बाजार में तेज गति से केराकत की तरफ से आ रहा ऑटो रिक्शा पलट गया उसी समय जौनपुर से आ रहे क्षेत्राधिकारी केराकत गौरव शर्मा अपनी गाड़ी रोककर उस पलटे ऑटो रिक्शा वाले की सहायता किये । उन्होंने जिनको चोटे आई थी उन्हें तत्काल सीएचसी मुफ्तीगंज भिजवाया और उनकी सहायता कर एक मिशाल पेश किया जिससे बाजार वासियों में क्षेत्राधिकारी के प्रति आदर का भाव देखा गया । किसी को संकट में देख मदद करना अच्छा गुण माना जाता है ।सभी यात्री बाल बाल बच गए कोई बडी घटना नही हो पाई । क्षेत्राधिकारी के इस सराहनीय कदम से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पर चढ़कर किया पथराव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर।कोतवाली क्षेत्र के बदलापुर– महराजगंज रोड स्थित भलुआही गांव के पास बुधवार की दोपहर दो पक्षों में आपसी वर्चस्व को लेकर 5 राउंड हवाई फायरिंग हुई। गोली चलने की आवाज सुनते ही मौके पर अफरा तफरी मच गई। अगल बगल के सौ से अधिक लोग घटना स्थल पर जमा हो गये! किसी ने घटना के बाबत जरिये टेलीफोन सूचना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह की मोबाइल फोन पर दिया! उन्होंने मौके पर वरिष्ट उपनिरीक्षक हरिनारायण पटेल को मय हमराही सिपाहियों के साथ भेजा! जब तक पुलिस मौके पर पहुंची कि दोनों पक्ष मौके से भाग निकले! एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की एक बाइक को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। लोगों ने हंकारपुर गांव पहुंचकर दूसरे पक्ष के शिवम सिंह के घर पर जमकर पथराव किया। इस दौरान माइक्रो क्रेडिट कैशपार बैंक के शाखा प्रबन्धक ने बताया कि शाखा के सामने बीस पचीस की संख्या में आए लोगों ने बैंक के सामने खड़ी एक ग्राहक मालती देवी निवासी धनियामऊ की बाइक को भी तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान उपद्रवियों के पथराव से बैंक की खिड़की व दरवाजा भी टूट गया! घटना के दौरान घबड़ाए बैंक कर्मी व उनके ग्राहक अन्दर से दरवाजा बन्द कर अपनी जान बचाए! उनके चले जाने के बाद बैंक कर्मियों एवं ग्राहकों ने राहत की सांस लिया! भलुआही रेलवे क्रासिंग के पास आयुष 15 वर्ष पुत्र उदय प्रताप सिंह निवासी ग्राम भलुआही की भी कतिपय लोगों ने उस समय लात घूसों से पिटाई कर दिया जब वह पेट्रोल पम्प से तेल भरा कर वापस कोचिंग जा रहा था प्रभारी थानाध्यक्ष हरिनारायण पटेल ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरिनारायण पटेल ने बताया कि उपद्रवियों द्वारा तोड़ फोड़ कर क्षतिग्रस्त की गयी बाइक यूपी 62 बी जे 8850 ग्लमर की जब ट्रेस कराया गया तो पता चला कि वह सूरज सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी ऊदपुरघाटमपुर के नाम पंजीकृत है! गौरतलब है कि यदि पुलिस ने समय रहते स्थित पर नियंत्रण नहीं किया तो किसी बड़ी घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

संचालक ने आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गभिरन खुटहन क्षेत्र के गौसपुर बाजार स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम की दुकान में मंगलवार की रात शॉर्ट सर्किट से लगी आग से उसमे रखा फ्रिज, वाशिंग मशीन, मिक्सर ग्राइंडर, पंखा, इनवर्टर, बैटरी तथा अन्य लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।सुबह जानकारी मिलने पर दुकान संचालक तथा बाजारवासियों ने काफी जद्दोजहद के बाद आग पर काबू पाया।उक्त बाजार में तूबा इलेक्ट्रॉनिक नाम से घरेलू उपयोग के एलेक्ट्रिक सामानों का शोरूम कई वर्षों से संचालित है। संचालक सैयद एतसाम ने बताया कि हर रोज की भाँति बीती शाम वह दुकान बढाकर घर सोने को चले गए थे। सुबह करीब पांच बजे शोरूम में आग लगने की जानकारी मिली तो उनके होश उड़ गए। शोरूम पहुँचते ही वहाँ काफी भीड़ इकट्ठा हो गयी। आननफानन में बाजारवासियों व स्वजनों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया गया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि पांच लाख रुपये से अधिक के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर राख हो गया। जिसके कारण उनको आर्थिक रूप से काफी नुकसान उठाना पड़ा है। आग लगने के कारणों को पूछे जाने पर उन्होंने विद्युत शॉर्ट सर्किट बताया है।

प्राचीन स्मारकों व धरोहरों को संरक्षित करने के लिए सर्वेक्षण कराकर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने दिए निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित प्राचीन स्मारकों व धरोहरों को संरक्षित करने के लिए उनका सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना बनाने को कहा है। साथ ही उप्र राज्य पुरातत्व द्वारा संरक्षण के लिए प्रस्तावित प्राचीन स्मारकों व स्थलों को संरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। पर्यटन मंत्री मंगलवार को उप्र राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राचीन धरोहरों की स्थापत्य शैली, मूर्तिकला व भवनों की बनावट अमूल्य धरोहर को दर्शाती है। लोग इनका इतिहास जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। इसलिए ऐसे स्मारकों, भवनों को संरक्षण जरूरी है। प्रदेश में बहुत से स्थानों पर टीलों की खुदाई नहीं हो सकी है। इनके नीचे कोई प्राचीन सभ्यता बहुमूल्य कलाकृतियां, अन्य अवशेष दबे हो सकते हैं। इसलिए ऐसे स्थानों का भी सर्वे करके

संरक्षित किए जाने की जरूरत है। पर्यटन मंत्री ने सीतापुर में स्थित शिव मंदिर अलावलपुर, लखनऊ के बड़ा शिवाला, मुन्नालाल खेड़ा समेत अन्य स्मारकों व स्थलों को संरक्षित करने के निर्देश दिए।

अजीत सिंह ने सहायक कुलसचिव पद पर किया कार्यभार ग्रहण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह ने मंगलवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से स्थानांतरित होकर आये सहायक

कुलसचिव अजीत सिंह को विश्वविद्यालय में सहायक कुलसचिव के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया। इसके पहले भी आप 8 माह तक विश्वविद्यालय में सहायक कुल सचिव पद पर कार्यरत है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधीक्षक कर्मचारियों ने मिलकर उन्हें बधाई दी और उनका स्वागत किया।

जिलाधिकारी द्वारा मां शीतला चौकिया धाम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कावड़ यात्रा को देखते हुए मां शीतला चौकिया धाम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चौकी प्रभारी चौकियां मंडी को निर्देश दिया कि कावड़ यात्रा को देखते हुए भीड़ अधिक आएगी जिसके

लिए पुलिस की तरफ से सभी प्रकार की व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त रहे, श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो । उन्होंने चौकिया परिसर में तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण कर शीघ्र अति शीघ्र कार्य पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रेलिंग का काम एवं सीढ़ियों पर पत्थरों की घिसाई का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए और तालाब में लगे एसटीपी को भी चालू कर दिया जाए । उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर संतोष मिश्रा को निर्देशित किया कि नियमित रुप से साफ – सफाई हो एवं सभी शौचालय सक्रिय रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सीलम साईं तेजा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल उपस्थित रहे।

बिषधर काटने से बालिका की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन उसरौली शहाबुद्दीनपुर गाँव में मंगलवार की शाम बिषधर काटने से अचेत हुई बालिका को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। रोते बिलखते स्वजन देर रात शव लेकर घर पहुंचे। बुधवार को उसकी अंत्येष्टि कर दी गई। गाँव निवासी रामू प्रजापति की पांच वर्षीय पुत्री दीपाली मंगलवार की शाम घर के सामने स्थित छप्पर में चारपाई पर बैठ पैर नीचे लटकाए हुए थी। तभी उसके पैर में किसी बिषधर ने काट लिया। वह जोर जोर से चिल्लाने लगी। रोने की आवाज सुन उसकी माता लक्ष्मी देवी पहुंची तो उसके पैर की उंगली से खून निकल रहा था।टार्च की रोशनी में आस पास तलाश किया गया तो कुछ दिखाई नहीं दिया। थोड़ी देर में ही वह अचेत हो गई। स्वजन झाड़फूक के चक्कर में मिरसादपुर गांव ले गये। जहाँ से उन्हें चिकित्सक को दिखाने की सलाह दी गई। जिला चिकित्सालय पर चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

वृद्धा की मालगाड़ी ट्रेन से कटकर मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन पकड़ने पहुँची 65 वर्षीय महिला की मालगाड़ी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुँची थाने एवं जीआरपी की पुलिस शव को कब्जे में ले लिया। थाना क्षेत्र के गोपालापुर गांव की महिला कमला देवी पत्नी भगवान सिंह घर से अपने मायके सरैया जौनपुर जाने के लिए सुबह बक्शा रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन पकड़ने पहुँची थी। ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे लाइन पार करते समय दूसरी पटरी पर अचानक पहुँची मालगाड़ी की चपेट में आ गई जिससें उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों के अलावा दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुँच गए।

चोरी की दो बाईक के साथ एक गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थानाध्यक्ष सदानन्द राय ने दो बाईक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष सदानंद राय मय पुलिस टीम ने जरिये मुखबीर खास की सूचना पर अभियुक्त प्रभाकर सिंह उर्फ आशू सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी चमरुपुर नन्दवक थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज को थाना क्षेत्र थरवई जनपद प्रयागराज से चोरी किये गए दो अदद बाईक को बेचने हेतु ले जाते समय पुरऊपुर नहर के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो अदद चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सदानंद राय ने बताया कि इसके विरुद्ध विभिन्न थानों में अनेक धाराओं के अंतर्गत अन्य मुकदमे भी पूर्व में दर्ज है। यह शातिर किस्म का अपराधी है। गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में सदानन्द राय थानाध्यक्ष, हे0का0 संजीव कुमार सिंह, का0 ओमप्रकाश मिश्रा, का0 गया प्रसाद पटेल, का0 अभिमन्यू यादव, का0 रवि यादव, का0 पंकज यादव, का0 अभिषेक पाठक, का0 संतोष यादव,का0 समरविजय यादव आदि शामिल रहे।

सर्पदंश से सत्रह वर्षीय बालिका की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के कोठारी गांव निवासी गुड़ीया(17) की मंगलवार की शाम सर्पदंश से मौत हो गई। इसके चलते परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।उक्त गांव निवासी राजबली बिन्द की बेटी गुड़ीया मंगलवार को लगभग तीन बजे घर मे कुछ सामान लेने गई थी। इसी बीच कमरे में पहले से मौजूद सर्प उसके पैर के नीचे दब गया तों सर्प ने उसे काट लिया। जानकारीके बाद परिजन मछलीशहर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। हालात गंभीर देखकर परीजन उसे जौनपुर ले गए, जहां पर बालिका की रात में मौत हो गई। मौत की सूचना लोगो ने पुलिस को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

कारगिल विजय दिवस समारोह सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कारगिल विजय दिवस पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में सेंट जोसेफ स्कूल रुचि खंड, शारदा नगर लखनऊ में एक भव्य कार्यक्रम को सम्बोधित किया। जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्तियों, पूर्व सैनिकों और छात्र छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया। राज्यपाल महोदय के आगमन के पश्चात राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन एवं बलिदानी भूमि कलश का पूजन किया। इस कलश में उत्तर प्रदेश के कारगिल युद्ध के दौरान ७६ शहीद के गाँव से मिट्टी के कुछ अंश लाकर वीर बलिदंनि भूमि कलश में रखे गये हैं। लेफ्टिनेंट जनरल दुष्यंत सिंह ने अपने प्रस्तावना उद्बोधन में कहा कि इस बलिदानी कलश की रज में हरिशंकरी वृक्ष लखनऊ में किसी भव्य जगह पर स्थापित किया जाएगा। राज्यपाल महोदया के सम्मान में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद (उत्तर प्रदेश), संस्कृती भारती, सेंट जोसेफ स्कूल और वॉरीअर डिफेन्स अकैडमी के छात्रों द्वारा कारगिल युद्ध पर आधारित गीत, संगीत एवम नाटक का मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसकी राज्यपाल महोदया ने विशेष रूप से प्रशंशा की और सभा में मौजूद अतिथिगण ने भी सराहा। इसके पश्चात मंच पर राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी का श्रीमती पुष्प लता अग्रवाल जी द्वारा सम्मान किया गया। मेजर बीरेंद्र सिंह तोमर ने संस्कृत भारती के अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत सम्मान कार्यक्रम के पश्चात राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा कारगिल विजय दिवस पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा रचित स्मारिका का विमोचन किया। जिसमें कारगिल युद्ध की विभिन्न घटनाओं के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया है। इसके पश्चात पूर्व सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बोर्ड उत्तर प्रदेश द्वारा पुस्तकष शौर्य एवं पराक्रम राज्यपाल एवं अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया जिसमें भारत पाक युद्ध, भारत चीन युद्ध के बारे में विस्तार से वर्णन एवं इन युद्धों में शौर्य और अदम्य साहस का परिचय देने वाले और वीरता पदक हासिल करने वाले सैनिकों का परिचय दिया गया है। तत्पश्चात् कारगिल युद्ध में बलिदान हुए परिवारों की वीर नारियों, योद्धाओं एवं परिजनों का स्वागत एवं सम्मान राज्यपाल द्वारा किया गया जिसमें परमवीर चक्र विजेता स्ज. मनोज पांडेय के पिता जी सहित १७ वीर बलिदानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में कारगिल विजय दिवस जैसे गौरवपूर्ण दिवस के अवसर पर

सबको बहुत–बहुत शुभकामनाएं दी और कहा कि कारगिल युद्ध अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में भारतीय सेना के विजय की महान गाथा है। इस युद्ध में संपूर्ण राष्ट्र का एक–एक नागरिक चट्टान की तरह हमारी सेनाओं के साथ खड़ा था। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पाकिस्तानी हुक्मरानों का चरित्र है वह एक चोर की तरह भारतीय क्षेत्र में घुस आए और जब मामला खुला तो कहना प्रारंभ किया कि यह तो मुजाहिद्दीन है जो कश्मीर की आजादी के सिपाही हैं और पाकिस्तानी सरकार ने अपने ही सैनिकों से पल्ला झाड़ लिया। परंतु इसका मुंहतोड़ जवाब हमारे वीर जवानों ने दिया और बिना अपने प्राणों की कोई चिंता किए एक एक पहाड़ी के ऊपर भारत का तिरंगा फहराया। पूर्वोत्तर की नागा रेजीमेंट से लेकर दक्षिण के सैनिकों व अधिकारियों ने कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी। उन्हें विजय दिवस के इस पावन अवसर पर अपने सामने भूतपूर्व सैनिकों को और छात्र, छात्राओं को देखकर बहुत गर्व की अनुभूति जाहिर की। उन्होंने ने आगे कहा कि उन्हें अपने सैनिकों के बीच में हमेशा अपनापन लगता रहा है और सैनिकों के लिए कार्य करने में आत्म संतुष्टि मिलती है। चुनौतियों का जिक्र करते हुए उन्होंने ने कहा कि सीमाओं पर और सीमाओं के अंदर भी पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो हमारे देश के अंदर आतंकी भेजकर कट्टरपंथियों से सहयोग लेकर के आंतरिक अशांति फैलाने की लगातार कोशिश करता रहता है और केवल आप की वजह से हम सुरक्षित हैं। उन्होंने ने सुझाव दिया की सैनिकों और वीर बलिदानियों के बच्चों को देश के सभी स्कूल कम से कम दो बच्चों को अडाप्ट करे और उन्हें निरूशुल्क शिक्षा प्रदान करें। उन्होने ५० वर्ष से कम उमर की महिलाओं को भी स्किल ट्रेनिंग अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जैसी सँस्था को करना चाहिए। अध्यक्ष ।ठच्ैच् (न्च्) स्ज ळमद दुष्यंत सिंह ने बताया की उनकी संस्था इस तरह के कार्य भी कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश और राष्ट्र की सरकार पूर्व सैनिकों और बलिदानी परिवारों के लिए उनके सेवायोजन स्वरोजगार के लिए बहुत कुछ कर रही है और बलिदानी सैनिकों के परिवार को अनुग्रह राशि भी दी जा रही है। अंत में उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों का धन्यवाद देते हुए सब को इस वीरता के महोत्सव की शुभकामनाएं दीं। कयक्रम में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी सैनिकों के बलिदान और और शौर्य के बारे में बताते हुए और उनके बलिदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के सफल संचालन में राखी अग्रवाल की भूमिका भी सराहनीय थी और राज्यपाल महोदया ने उनकी तारीफ भी की। इस कार्यक्रम में सेना के कई कार्यरत और पूर्व उच्च अधिकारी और समाज के गणमान्य व्यक्ति जैसे जितेन्द्र प्रताप अध्यक्ष संस्कृत भारती, मेजर जनरल पुरोहित ।क्ळ रिक्रूटिंग, मेजर जनरल चतुर्वेदी वाइस चेयरमैन स्ट्राइव इंडिया और ब्रिगेडियर रवि प्रसाद पूर्व सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बोर्ड मौजूद थे। कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम का सफल संचालन स्क्वाडर्न लीडर राखी अग्रवाल द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

जल निकास की व्यवस्था न होने से बरसात भर गोदाम मे घुस जाता है पानी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजाबाजार जौनपुर किसानो की सुविधा के लिये साधन सहकारी समितियो पर दशको पहले बनाये गये खाद बीज के गोदाम अब जर्जर हो चुके है इनकी मरम्मत नही कराई जा रही है यदि तेज बारिस हुई तो इनके ढह जाने की आशंका है जर्जर समिति भवन किसी भी समय धराशायी हो सकते है !महराजगंज ब्लाक के गद्दोपुर ग्राम पंचायत मे कुम्भराजपुर न्याय पंचायत की साधन सहकारी समिति गद्दोपुर बाजार के पीछे दलित बस्ती के बीच करीब 40 वर्ष पहले जब भवन बन कर तैयार होने लगा था तब क्षेत्र के दर्जनो गॉव के सैकडो किसानो मे बहुत प्रसन्नता हुई थी कि अब उन्हे खाद बीज के लिये दूर नही जाना पडेगा ! करीब बीस बर्ष तक यह समिति किसानो के लिये बरदान रही लेकिन धीरे धीरे इसकी अवदशा आती गयी मरम्मत के अभाव व विभाग की लापरवाही के चलते आज ये भवन खंडहर के रूप मे मौके पर बंद पडा गिरने के कगार पर है ! किसी भी समय धराशायी हो सकता है विभाग की माने तो ये साधन सहकारी समिति गद्दोपुर कागजो पर सुचारूरूप से संचालित है खाद बीज का उठान भी किया जा रहा है परन्तु गोदाम तक खाद बीज नही पहुच रही है कहां किस जगह से बिक्री की जा रही है ये किसी भी किसान को नही पता है समिति पर खाद न मिल पाने के कारण परेशान किसान प्राईवेट दुकानो से डुब्लीकेट खाद खरीदने को मजबूर है क्षेत्र के किसान रामयश यादव गोकुलनाथ तिवारी शम्भूनाथ सिह कन्हई नेता मिठाईलाल यादव अभिषेक राम अचल दीपक आदि कई किसानो ने बताया कि खाद न मिल पाने के कारण धान की फसल प्रभावित हो रही है मजबूरन डुब्लीकेट खाद बाजारो से महंगे दामो पर खरीदने को हम किसान मजबूर है इस बावत गोदाम के सचिव राजन पाण्डेय का कहना है कि जल निकास की समुचित ब्यवस्था न होने के कारण गद्दोपुर की दलित बस्ती के साथ जर्जर सहकारी समिति गद्दोपुर का भी भवन बरसात के दिनो मे डूबा रहता है जहॉ खाद बीज रखना किसी भी हालात मे सम्भव नही है ऐसी स्थिति मे खाद का उठान नही कराया जा सका है।

कैंप लगाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में दी जानकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर विकास खंड क्षेत्र के देवरिया गांव में कृषि विभाग द्वारा कैंप लगाकर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की केवाईसी कराने की जानकारी दी गई। बुधवार को कृषि विभाग द्वारा उक्त गांव निवासी किसान रामविलास सिंह के आवास पर पर आयोजित कैंप में तहसील कोआर्डिनेटर स्नेह चन्द्र शुक्ला ने लोगो को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए 'सुरक्षा कवच' के विषय में जानकारी दी।उन्होंने लोगो को प्रेरित करते हुए कहा कि आप अब तक इस स्कीम का फायदा नहीं ले रहे हैं तो गलती कर रहे हैं। फसलों को प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान से बचने के लिए इसमें शामिल हो जाईए। आपको नाम मात्र का प्रीमियम देना पड़ेगा बाकी पैसा केंद्र और राज्य सरकार मिलकर भरते है। इस स्कीम का लाभ लेने के लिए 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित बीटीएम प्रमोद उपाध्याय ने गोष्ठी में किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की ई–केवाईसी के विषय मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी जन सेवा केंद्र अथवा सीएससी सेन्टर पर जाकर बायोमेट्रिक केवाईसी 31 जुलाई तक अवश्य दर्ज करा दे। क्योंकि बिना ईकेवाईसी के किसान सम्मान निधि की अगली किस्त नहीं मिल पाएगी। इस दौरान एडीओ एजी आशुतोष राय, राजेन्द्र यादव, आशीष सिंह, पारसनाथ सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

पीडब्ल्यूडी में नियमों के खिलाफ किए गए 59 तबादले होंगे रद्द : मनमानी करने वालों पर गिरेगी गाज

लखनऊ ब्यूरो : पीडब्ल्यूडी में स्थानांतरण नीति के खिलाफ जाकर किए गए 59 अभियंताओं के ट्रांसफर रद्द होंगे। वहीं, अभियंताओं के ट्रांसफर में एक के बाद एक मनमानी सामने आ रही है। 10 वर्षों से अधिक समय से जमे इंजीनियरों को छोड़ दिया गया, जबकि कुछ महीने पहले ही तैनाती पाए इंजीनियरों को फिर दूसरी जगह भेज दिया गया। मुख्यालय से संबद्धता में भी खेल सामने आ रहा है। इसलिए कई और अधिकारियों पर गाज गिरना भी तय माना जा रहा है। पहले शासन की उच्चस्तरीय कमेटी की जांच और अब समीक्षा के दौरान भी बड़ी खामियां सामने आ रही हैं। समूह क और ख के अफसरों के 59 ऐसे स्थानांतरण कर दिए गए, जिसमें नियमानुसार मुख्यमंत्री और मंत्री का अनुमोदन लिया जाना आवश्यक था। इन सभी तबादलों को निरस्त किया जाएगा। पिछले एक वर्ष में मुख्यालय से संबद्ध किए गए इंजीनियरों के प्रकरणों की गंभीर जांच होगी। संबद्धीकरण के जो आदेश गलत पाए जाएंगे उसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जांच में सामने आया है कि अधिशासी अभियंता या उससे ऊपर के स्तर के 26 अधिकारी ऐसे हैं जो 3 वर्ष की अवधि से अधिक समय से एक ही जगह पर थे, पर उनका स्थानांतरण नहीं किया गया। ऐसा करने के पीछे की वजह भी नहीं बताई गई। इनमें से 12 अभियंता तो ऐसे हैं जो 10 वर्ष से अधिक समय से एक ही स्थान पर तैनात हैं। दूसरी ओर 31 अधिशासी अभियंता ऐसे हैं जिनकी तैनाती को एक माह से लेकर 22 माह की अल्प अवधि ही पूरी हुई थी कि उन्हें दूसरी जगह भेज दिया गया। इसके पीछे किसी प्रशासनिक कारण या शिकायत आदि का जिक्रस् भी संबंधित पत्रावली पर नहीं किया गया। देखने में यह भी आया कि बड़ी संख्या में अधिकारियों को मुख्यालय से संबद्ध करने के आदेश दिए गए जबकि कई अधिशासी अभियंता दो–दो खंडों का

काम देख रहे हैं। शासन की आपत्ति के बाद भी उसी मंडल में दी तैनाती गोपनीय उच्चस्तरीय रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 जून को सेवानिवृत्त हुए प्रमुख अभियंता (ग्रामीण सड़क) अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने प्रांतीय खंड गोरखपुर में तैनात अवर अभियंता गौरव श्रीवास्तव की तैनाती उसी मंडल में कर दी जिसमें उनके 7 साल पूरे हो चुके थे। ऐसा तब किया गया जब शासन ने पूर्व में इस प्रस्ताव पर आपत्ति उठाई थी। खूब चला बैकडेटिंग का खेल जांच में यह भी सामने आया है कि 30 जून को सेवानिवृत्त हुए अधीक्षण अभियंता (अधिष्ठान) अनिल कुमार श्रीवास्तव ने सहायक अभियंताओं के स्थानांतरण व तैनाती बैकडेट में की। ये बैक डेटिंग 2 जुलाई से लेकर 5 जुलाई तक की अवधि में की गई। यहां तक कि मुख्यालय का डिस्पैच रजिस्टर भी बैकडेटिंग की ओर इशारा करते हुए मिला है। मंत्री कार्यालय से हुए बड़े पैमाने पर संशोधन कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह की कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट में यह भी कहा है कि विभागाध्यक्ष और अनुभाग की ओर से प्रस्तुत स्थानांतरण प्रस्ताव पर बड़े पैमाने पर पीडब्ल्यूडी मंत्री कार्यालय में संशोधन व परिवर्तन किए गए। यह उनके अधिकार क्षेत्र में तो पूरी तरह से आता है। साथ ही यह भी दिखाता है कि मंत्री के कार्यालय के स्तर से स्थानांतरण के मामले में विस्तृत विश्लेषण किया गया। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव ने सेतु निगम के प्रबंध निदेशक की पोस्टिंग के विषय को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने का लिखित में अनुरोध किया था लेकिन पीडब्ल्यूडी मंत्री ने यह निर्णय लिया कि यह आदेश उनके स्तर से ही जारी होना चाहिए। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि यह प्रकरण मुख्यमंत्री के आदेश के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए था।

राजकीय शिक्षकों के समायोजन में प्रक्रिया पर उठे सवाल : 1976 की व्यवस्था हो रही लागू

लखनऊ ब्यूरो : राजकीय इंटर कॉलेजों में अतिरिक्त शिक्षकों के समायोजन की चल रही प्रक्रिया में विभाग वर्ष 1976 की व्यवस्था को अपना रहा है। उस समय 60 बच्चों पर एक शिक्षक की तैनाती की व्यवस्था थी, लेकिन आरटीई में 35 बच्चों पर एक शिक्षक रखने की व्यवस्था है। ऐसे में शिक्षक संगठन ने सवाल उठाया है कि छात्र–शिक्षक अनुपात कैसे तय होगा? राजकीय शिक्षक संघ की अध्यक्ष छाया शुक्ला बताती हैं कि विभाग खाली पद भरने की बजाय शिक्षकों को इधर–उधर कर रहा है। समायोजन से पहले यह घोषित किया जाना चाहिए कि अतिरिक्त शिक्षकों को कैसे चिह्नित किया जाए। वर्ष 1976 के बाद से कई बदलाव हुए हैं। उन बदलाओं का समायोजन में पालन कैसे होगा? यह स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ विद्यालय ऐसे हैं जहां कुछ विषयों में बच्चों की संख्या एक शिक्षक के अनुपात लायक भी नहीं। वहीं कुछ जगह किसी विषय में छात्र ज्यादा व शिक्षक कम हैं। अगर बच्चे कम होने पर किसी विषय से शिक्षक हटाए



जाएंगे तो क्या उस विषय की पढ़ाई भी बंद कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह स्थितियां स्पष्ट होनी चाहिए। अपर शिक्षा निदेशक केके गुप्ता का कहना है कि समायोजन 1976 के शासनादेश के अनुसार किया जा रहा है। सिर्फ छात्र संख्या को ही क्यों आधार बनाया जा रहा है, विषयों को पढ़ाने से भी तो शिक्षकों की संख्या तय हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रवक्ता को रोजाना पांच व एलटी ग्रेड शिक्षक को छह पीरियड पढ़ाने की व्यवस्था है। इन सभी मानकों को देखने के बाद अतिरिक्त शिक्षकों की संख्या तय होगी।

अखिलेश ने कहा, तबादले और नमामि गंगे योजना में भ्रष्टाचार, सीबीआई से हो जांच

लखनऊ ब्यूरो : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में तबादला व नई तैनाती और नमामि गंगे योजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई से होनी चाहिए। पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों में तबादले के नाम पर हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा सपा सदन में उठाएगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हर स्तर पर भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। तबादले के नाम पर कर्मचारियों व अधिकारियों को परेशान किया जा रहा है। भाजपा सरकार और बीजेपी के लोग महंगाई के लिए जिम्मेदार हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने किसानों के ट्यूबवेल का बिजली बिल माफ करने का वादा किया था, लेकिन अभी तक कुछ नहीं किया। उन्होंने सवाल किया कि दूध, दही पर टैक्स लगा रहे तो गोबर पर क्यों नहीं? कभी–कभी बीजेपी के

लोग दूसरे लोगों से सवाल करवाते हैं। उन्होंने कहा कि सैफई मेडिकल कॉलेज का निर्माण समाजवादी सरकार में हुआ, इसलिए भाजपा सरकार बजट नहीं दे रही।

शिक्षकों की कैशलेश स्वास्थ्य बीमा योजना का मसौदा तैयार, प्रीमियम की प्रस्तावित दरें तय

लखनऊ ब्यूरो : परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए कैशलेश सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना का मसौदा तैयार हो गया। कंपनियों की निविदा व शिक्षक

संगठनों से वार्ता के बाद प्रस्तावित बीमा प्रीमियम की राशि तय कर दी गई है। पॉलिसी तीन, पांच, सात व दस लाख रुपये की होगी। इसे स्वेच्छा से चुना जा सकेगा। यह बीमा पूरे परिवार के लिए होगा। इसमें दंपती, आश्रित दो बच्चे व माता–पिता शामिल हो सकेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बताया कि जल्द ही पॉलिसी शुरू करने के निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पॉलिसी लेने के लिए किसी भी चिकित्सीय जांच की जरूरत नहीं होगी। सभी प्रकार की बीमारी के इलाज की सुविधा पहले दिन से लागू होगी। मातृत्व चिकित्सा की सुविधा भी पहले दिन से मिलेगी। पॉलिसी में सेवारत कर्मचारी की अधिकतम आयु 62 व आश्रित माता–पिता की अधिकतम आयु 85 वर्ष होगी। बीमा धारकों को कार्ड मिलेगा, जिससे पूरे देश में किसी भी नेटवर्क के अस्पताल में कैशलेश इलाज की सुविधा ली जा सकेगी। बीमा का हर साल नवीनीकरण होगा। पॉलिसी में आयुष चिकित्सा भी मान्य होगी।

यूपी का पहला डाटा सेंटर पार्क बनकर तैयार, पीएम मोदी अगस्त में कर सकते हैं उद्घाटन

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश का पहला डाटा सेंटर पार्क योट्टा डी–1 ग्रेटर नोएडा में बनकर तैयार हो गया है। पांच हजार करोड़ रुपये की लागत से दो साल में बने इस पार्क का उद्घाटन अगले माह प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। हीरानंदानी समूह के इस पार्क के पहले चरण की डाटा सेंटर बिल्डिंग की क्षमता 5000 सर्वर रैक की है। इसमें 28.8 मेगावाट आईटी पावर की सुविधा है। इससे करीब 48 घंटे आईटी पावर बैकअप मिल सकेगा। आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के अधिकारी ने बताया कि डाटा सेंटर पार्क में 6 डाटा सेंटर बिल्डिंग बनाई जानी है। इसके बाद यहां क्षमता 30 हजार सर्वर रैक की होगी। वहीं समूह के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी का कहना है कि अगस्त 2020 में यूपी सरकार से डाटा सेंटर के लिए बात हुई थी। अक्तूबर 2020 में जमीन आवंटित हो गई। दिसंबर 2020 में परियोजना का शिलान्यास हुआ और मार्च 2021 से निर्माण कार्य शुरू हुआ। अगस्त माह में इसका उद्घाटन होगा।

सेन्ट एन्थोनी पब्लिक स्कूल ने मेधावियों को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सेन्ट एन्थोनी पब्लिक स्कूल पारा में 10वीं और 12वीं के छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मुख्यअतिथि विद्यालय के संस्थापक राकेश स्वरूप सक्सेना एवं संस्थापिका श्रीमती लक्ष्मी सक्सेना ने छात्र–छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये उन्हें पुरस्कृत किया और अपने आशीष वचनों से उनका उत्साह वर्धन कर उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबन्धक अजितेश सक्सेना एवं प्रधानाचार्या अपराजिता गुप्ता एवं उप प्रधानाचार्या विधि सक्सेना ने भी विद्यार्थियों को अपने आर्शीवाद से सिंचित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबन्धक जी ने शिक्षक शिक्षिकाओं के सराहनीय योगदान की भूरि–भूरि प्रशंसा की, उनके उत्साह वर्धक वाणी के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया। जिन छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया उनमें आयुष सिंह, श्रेया तिवारी ,रुचि सिंह, पाखी पाण्डेय, प्रियांशु बाथम, अंशिका विश्वकर्मा, पलक खत्री, अंशिका ओझा, अंश छेत्री आदि प्रमुख रहे।

श्रावण मास भगवान शिव के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक अमरनाथ तीर्थ यात्रा के बारे में रोचक जानकारी

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।भगवान शिव के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक अमरनाथ को तीर्थों का तीर्थ कहा जाता है। मान्यता है कि इस गुफा में शंकर ने पार्वती को अमरकथा सुनाई थी, जिसे सुन सद्योजात शुक–शिशु शुकदेव ऋषि के रूप में अमर हो गए।गुफा में आज भी कबूतरों का एक जोड़ा दिखाई देता है, जिन्हें अमर पक्षी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिन श्रद्धालुओं को कबूतरों जोड़ा दिखाई देता है, उन्हें शिव–पार्वती दर्शन देते हैं और मोक्ष प्रदान करते हैं।यह भी माना जाता है कि भगवान शिव ने श्अनीश्ध्वर कथाश पार्वती को गुफा में ही सुनाई थी। इसीलिए यह बहुत पवित्र मानी जाती है। शिव ने पार्वती को ऐसी कथा भी सुनाई थी, जिसमें यात्रा और मार्ग में पड़ने वाले स्थलों का वर्णन था। यह कथा अमरकथा नाम से विख्यात हुई।कई विद्वानों का मत है कि शंकर जब पार्वती को अमर कथा सुनाने ले जा रहे थे, तो उन्होंने छोटे–छोटे अनंत नागों को अनंतनाग में छोड़ा, माथे के चंदन को चंदनबाड़ी में उतारा, अन्य पिस्सुओं को पिस्सू टॉप पर और गले के शेषनाग को शेषनाग नामक स्थल पर छोड़ा था। अमरनाथ गुफा का सबसे पहले पता सोलहवीं शताब्दी के पूर्वाध में एक मुसलमान गड़ेरिए को चला था। आज भी चौथाई चढ़ावा मुसलमान गड़रिए के वंशजों को मिलता है।यह एक ऐसा तीर्थस्थल है, जहां फूल–माला बेचने वाले मुसलमान होते हैं। अमरनाथ गुफा एक नहीं है, बल्कि अमरावती नदी पर आगे बढ़ते समय और कई छोटी–बड़ी गुफाएं दिखती हैं। सभी बर्फ से ढकी हैं। मूल अमरनाथ से दूर गणेश, भैरव और पार्वती के वैसे ही अलग–अलग हिमखंड हैं।अमरनाथ जाने के दो मार्ग हैं। पहला पहलगाम होकर और दूसरा सोनमर्ग बालटाल से। जम्मू या श्रीनगर से पहलगाम या बालटाल बस या छोटे वहन से पहुंचना पड़ता है। उसके बाद आगे पैदल ही जाना पड़ता है। कमजोर और वृद्धों के लिए खच्चर और घोड़े की व्यवस्था रहती है। पहलगाम से जानेवाला रास्ता सरल और सुविधाजनक है।बालटाल से पवित्र गुफा की दूरी हालांकि केवल 14 किलोमीटर है, परंतु यह सीधी चढ़ाई वाला बहुत दुर्गम रास्ता है, इसलिए सुरक्षा की नजरिए से ठीक नहीं है, इसलिए इसे सेफ नहीं माना जाता। लिहाजा, ज्यादातर यात्रियों को पहलगाम से जाने के लिए कहा जाता है।हालांकि रोमांच और खघ्तरे से खेलने के शौकीन इस मार्ग से जाना पसंद करते हैं। इस रास्ते से जाने वाले लोग अपने रिस्क पर यात्रा करते हैं। किसी अनहोनी की जिम्मेदारी सरकार नहीं लेती है।दरअसल, श्रीनगर से पहलगाम 96 किलोमीटर दूर है। यह वैसे भी देश का मशहूर पर्यटन स्थल है। यहां का नैसर्गिक सौंदर्य देखते ही बनता है। लिद्दर

और आरू नदियां इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाती हैं। पहलगाम का यात्री बेस केंप छह किलोमीटर दूर नुनवन में बनता है। पहली रात भक्त यहीं बिताते हैं। दूसरे दिन यहां से 10 किलोमीटर दूर चंदनबाड़ी पहुंचते हैं। चंदनबाड़ी से आगे इसी नदी पर बर्फ का पुल है। यहीं से पिस्सू घाटी की चढ़ाई शुरू होती है। कहा जाता है कि पिस्सू घाटी में देवताओं और राक्षसों के बीच घमासान लड़ाई हुई, जिसमें राक्षसों की हार हुई।यात्रा में पिस्सू घाटी जोखघ्मि भरा स्थल है। यह समुद्रतल से 11120 फीट ऊंचाई पर है।पिस्सू घाटी के बाद अगला पड़ाव 14 किलोमीटर दूर शेषनाग में पड़ता है। लिद्दर नदी के किनारे–किनारे पहले चरण की यात्रा बहुत कठिन होती है। यह मार्ग खड़ी चढ़ाई वाला और खघ्तरनाक है। यात्री शेषनाग पहुंचने पर भयानक ठंड का सामना करता है। यहां पर्वतमालाओं के बीच नीले पानी की खूबसूरत झील है। इसमें झांकने पर भ्रम होता है कि आसमान झील में उतर आया है। झील करीब डेढ़ किलोमीटर व्यास में फैली है। कहा जाता है कि शेषनाग झील में शेषनाग का वास है। 24 घंटे में शेषनाग एक बार झील के बाहर निकलते हैं, लेकिन दर्शन खुशनसीबों को ही नसीब होता है। तीर्थयात्री यहां रात्रि विश्राम करते हैं और यहीं से तीसरे दिन की यात्रा शुरू करते हैं।शेषनाग से पंचतरणी 12 किलोमीटर दूर है। बीच में बैववैल टॉप और महागुणास दर्रे पार करने पड़ते हैं, जिनकी समुद्रतल से ऊंचाई क्रमशरू 13500 फीट व 14500 फीट है। महागुणास चोटी से पंचतरणी का सारा रास्ता उतराई का है। यहां पांच छोटी–छोटी नदियों बहने के कारण ही इसका नाम पंचतरणी पड़ा। यह जगह चारों तरफ से पहाड़ों की ऊंची–ऊंची चोटियों से ढका है। ऊंचाई की वजह से ठंड भी बहुत ज्यादा होती है। ऑक्सीजन की कमी की वजह से तीर्थयात्रियों को यहां सुरक्षा के इंतजाम करने पड़ते हैं। पवित्र अमरनाथ की गुफा यहां से केवल आठ किलोमीटर दूर रह जाती है। रास्ते में बर्फ ही बर्फ जमी रहती है। इसी दिन गुफा के नजदीक पहुंचकर लोग रात बिता सकते हैं और दूसरे दिन सुबह पूजा–अर्चना कर पंचतरणी लौटा जा सकता है। कुछ यात्री शाम तक शेषनाग वापस पहुंच जाते हैं। रास्ता काफी कठिन है, लेकिन पवित्र गुफा में पहुंचते ही सफर की सारी थकान पल भर में छू–मंतर हो जाती है और अद्भुत आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है।

प्रमिता ने कैंसर से जंग लड़ते हुए दी 12वीं की परीक्षा : हासिल किए 97.75 प्रतिशत अंक

लखनऊ ब्यूरो : दुश्वारियां कभी हौसले को मात नहीं दे सकती हैं। सेठ एमआर जयपुरिया की कक्षा 12 की मेधावी छात्रा प्रमिता तिवारी ने इस बात को साबित कर दिखाया है। वह सालभर ब्लड कैंसर जैसे गंभीर रोग से जूझती रही, ज्यादातर समय अस्पताल में भर्ती रही, इसके बावजूद ऐसी जीवटता कि पढ़ाई जारी रखी और आईएससी बोर्ड परीक्षा में 97.75 प्रतिशत अंक लाने में कामयाब रही। बहादुर बेटी प्रमिता ने बताया कि 10 अगस्त 2021 को उसे अपनी बीमारी का पता चला। इसके बाद एक महीने लखनऊ में इलाज चला, फिर गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। एक पल के लिए लगा कि सबकुछ थम सा गया है, पर मां रेनू व पिता उत्कर्ष तिवारी ने हौसला बढ़ाया। स्कूल में बात की तो टीचर्स ने ऑनलाइन पढ़ाने का आश्वासन दिया। इसके बाद अस्पताल में रहते हुए भी ऑनलाइन क्लास अटेंड करने लगी। सहपाठियों ने स्कूल के नोट्स भेजकर मदद की। इसके अलावा खुद भी नोट्स तैयार कर पढ़ाई की। हर माह कीमोथेरेपी के लिए अस्पताल में एडमिट होना पड़ता था। इसके बावजूद हिम्मत नहीं हारी और पढ़ाई जारी रखी। स्कूल में प्रिंसिपल मैम के सहयोग से बोर्ड में बात कर गुरुग्राम में ही बोर्ड परीक्षा का सेंटर शिफ्ट करवाया, ताकि इलाज

चलता रहे और परीक्षा देने में भी आसानी हो। जी जान लगाकर परीक्षा दी और अपना बेस्ट दिया। यह परिश्रम रंग लाया और परीक्षा परिणाम में 97.75 प्रतिशत हासिल हुए। मेहनत का फल सामने देख खुशी के आंसू छलक पड़े। प्रमिता ने कहा कि इस सफलता का श्रेय माता–पिता, शिक्षकों व दोस्तों को देना चाहूंगी। आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं। दूसरे छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि टीचर्स के पढ़ाए कॉन्सेप्ट को ध्यान से समझें। उनके नोट्स का अध्ययन करने के साथ खुद के भी नोट्स बनाने से सफलता पाना आसान हो जाता है। नियमित पढ़ाई करें, ताकि परीक्षा से पहले सब तैयार हो जाए।

भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम के पुण्यतिथि पर संस्था ने किया वृक्षारोपण

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।भारत रत्न, मिसाइल मैन, पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के पूर्ण तिथि के अवसर पर साकेत महाविद्यालय परिसर में 50 वृक्ष प्राचार्य डॉ अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में साकेत महाविद्यालय कर्मचारी परिषद एवं मां शांति सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान मे वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अभय कुमार सिंह ने कहा की पूर्व महामहिम भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को सच्ची श्रद्धांजलि प्राकृति में संतुलन स्थापित करने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में वृक्षारोपण करना और और उनकी देखभाल करना चाहिए।संरक्षक बसंत राम ने बताया की कलाम जी के आदर्शों का अनुपालन करते हुए साकेत महाविद्यालय कर्मचारी परिषद एवं मां शांति सेवा फाउंडेशन ने निरंतर वृक्षारोपण कार्यक्रम को जारी रखने और अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने का निर्णय किया है इस अवसर पर मुख्य नियंता अनिल कुमार सिंह डॉ अशोक कुमार मिश्र, डॉ अशोक कुमार राय, डॉ देवेंद्र कुमार

श्रीवास्तव, डॉ पीयूष श्रीवास्तव, डॉ अजय सिंह, डॉ शशी कुमार एवं संस्था अध्यक्ष नेहा कुमारी परिषद के कनिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार सदस्य दिनेश कुमार निषाद, संजय प्रजापति, इंद्रजीत ,छात्र नेता अजय कुमार मिश्रा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

ट्रक और कार में भिड़ंत में तीन युवक हुए घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीती रात नवनिर्मित हाईवे पर तुरकौली गांव के समीप एक ट्रक व कार में भिड़ंत हो गई। जानकारी के अनुसार हाईवे पर कार को विपरीत दिशा में खड़ी कर कार में बैठे थे इसी दौरान सुल्तानपुर की तरफ जा रही ट्रक से भिड़ंत हो गई। जिसमें कार सवार तीन युवक घायल हो गए। सभी घायलों को सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष सिंगरामऊ कमलेश कनौजिया ने इलाज के लिए एंबुलेंस से बदलापुर अस्पताल भेजे। जिसमें कार में सवार प्रहलाद सिंह 35वर्ष पुत्र अमरनाथ,गोपालसिंह 36वर्ष पुत्र ओमप्रकाश व तेजू सिंह 33 वर्ष पुत्र शशि सिंह घायल हो गए।तीनों युवक चंदौली जिला निवासी है । जिसमें दो की हालत गंभीर को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लखनऊ से चंदौली जाते समय हुआ हादसा मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई हाईवे पर आवागमन चालू है।

अयोध्या में सावन झूला मेले में आये श्रद्धालुओं से भरी ट्राली दुर्घटना ग्रस्त एक की मौत

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।रामनगरी अयोध्या में सावन झूला मेले में आये श्रद्धालुओं से भरी ट्राली दुर्घटना ग्रस्त हो गई।अयोध्या दर्शन करके श्रद्धालु वापस जा रहे थे।इस दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में ट्राली में सवार 6 श्रद्धालु घायल हो गए और 1 की मौत हो गई है।घायलों का अयोध्या के जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।डॉक्टरों की देखरेख में घायलों का इलाज चल रहा हैं। ये घटना आज भोर 3 बजे कोतवाली नगर क्षेत्र नाका हाइवे पर हुई। सभी श्रद्धालु बाराबंकी जिले के थाना फतेहपुर के रहने वाले हैं।जगन्नाथ पुत्र भभूती प्रसाद उम्र 58 वर्ष को लखनऊ रेफर किया गया था जिनकी मौत हो गई है।जिसमे घायलों में धीरज उम्र 22 पुत्र राकेश, प्रमोद कुमार 33 पुत्र राजाराम, जगन्नाथ 58 पुत्र भभूती प्रसाद, सूर्यलाल 62 पुत्र नत्थाराम, कपिल वर्मा 28 पुत्र रामचंद तथा अवधेश कुमार उम्र 33 पुत्र राम मिलन का इलाज चल रहा है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।